Ans. (b) – युद्धों का सही कालानुक्रम है-

भटनेर का युद्ध	-	सन् 1398
खानवा का युद्ध	-	16 मार्च, 1527
सुमेल-गिरि का युद्ध	-	5 जनवरी, 1544
हल्दीघाटी का युद्ध	-	18 जून, 1576

375. मांडू के प्रसिद्ध किले का निर्माण किसने कराया था-

(a) बाजबहादुर (b) कुम्भा
(c) मोहम्मद शाह (d) हुसैनशाह

Gram Sevek & Hostel Superintendent Ex. Dt. 18.12.2016

Ans. (d) – मांडू के प्रसिद्ध किले का निर्माण हुसैनशाह ने करवाया था। यह मध्य प्रदेश के धार जिले में नर्मदा नदी के तट पर स्थित है यह अपनी अफगान स्थापत्य विरासत के लिए भी जाना जाता है।

376.राजस्थान में राजनीतिक चेतना को सर्वप्रथम जन्म देने वाले थे–

(a) विजय सिंह पथिक (b) अर्जुन लाल सेठी
(c) सेठ दामोदर दास (d) सहसमल बोहरा

उत्तर–(a) RPSC RAS/RTS-1993

व्याख्या– राजस्थान में राजनीतिक चेतना को सर्वप्रथम जन्म देने वाले विजय सिंह पथिक थे। इनका जन्म 1882 बुलंदशहर में हुआ था। इनका अन्य नाम भूपसिंह गुर्जर था। इन्हें राजस्थान में किसान आन्दोलन का जनक कहा जाता है। -'What are Indian state' इनकी महत्वपूर्ण रचना थी।

377. झाड़शाही सिक्के राजस्थान की कौन सा रियासत में प्रचलित थे?

(a) जयपुर (b) कोटा
(c) अजमेर (d) जोधपुर

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकनिक रेफ्रिजरेशन) 2018

Ans. (a) – झाड़शाही सिक्के आमेर के कछवाहा शासकों द्वारा चलाए गए थे। आमेर का शासन क्षेत्र आधुनिक जयपुर, राजस्थान में हैं। ब्रिटिशकाल में सर्वप्रथम टकशाल खोलने को स्वीकृति जयपुर राज्य ने ही प्राप्त की थी।

378. निम्न युद्धों को कालक्रमानुसार नीचे कूट का प्रयोग करते हुए सुमेलित कीजिए-

सूची-I (युद्ध)		स्थापना वर्ष
(i) तराइन का प्रथम युद्ध	–	1544
(ii) सारंगपुर का युद्ध	–	1517
(iii) खतौली का युद्ध	–	1437
(iv) सुमेल का युद्ध	–	1191

कूट :

	(1)	(2)	(3)	(4)
(a)	a	b	c	d
(b)	d	c	b	a
(c)	b	c	d	a
(d)	a	d	b	c

RPSC Librarian Gr-III 11-09-2022 Shift-I

Ans. (a) :

सूची-I (युद्ध)		सूची-II (वर्ष)
तराइन का प्रथम युद्ध		1191
सारंगपुर का युद्ध		1437
खतौली का युद्ध		1517
सुमेल का युद्ध		1544

379. अधोलिखित युद्धों का सही कालानुक्रम है–

i. तराईन का प्रथम युद्ध
ii. हल्दीघाटी का युद्ध
iii. दिवेर का युद्ध
iv. गिरि–सुमेल का युद्ध

(a) (iii) (i) (ii) (iv) (b) (i) (iv) (ii) (iii)
(c) (i) (iii) (iv) (ii) (d) (iii) (ii) (iv) (i)

वन रक्षक-2020 दिनांक 12-11-2022 Shift-I

Ans. (b) : उपर्युक्त युद्धों का सही कालानुक्रम निम्नवत् है (i) (iv) (ii) (iii)

- तराईन का प्रथम युद्ध– 1191 ई. – पृथ्वीराज चौहान व मुहम्मद गोरी
- गिरि–सुमेल का युद्ध– 5 जनवरी, 1544 ई. – शेरशाह सूरी- राम मालदेव
- हल्दी घाटी का युद्ध 18 जून, 1576 ई.- राणा प्रताप- अकबर
- दिवेर का युद्ध – 26 अक्टूबर, 1582 - राणा प्रताप- अकबर की सेना

380. निम्नलिखित में से कौन-सा सुषिर वाद्य है?

(a) अलगोजा (b) कामायचा
(c) तंदूरा (d) रावणहत्था

कनिष्ठ अभियंता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा-10.09.2022

Ans. (a) – अलमोजा सुषिर वाद्य यंत्र है। वे वाद्य यंत्र जो फूंक कर बजाये जाते हैं, उन्हें सुषिर वाद्य यंत्र कहते हैं। यह राजस्थान का राज्य वाद्य यंत्र है। वीर तेजाजी की गाथा, डिग्गीपुरी का राजा, ढोला मारू नृत्य, भवाई नृत्य में इसका प्रयोग होता है। रामनाथ चौधरी इसके प्रमुख कलाकार है।

381. निम्नलिखित में से कौनसा (अभिलेख/शिलालेख-जिला/स्थान) सुमेलित नहीं है?

(a) बसन्तगढ़- सिरोही (b) मानमोरी-चित्तौड़
(c) घटियाल-जैसलमेर (d) चीरवा-उदयपुर

Kanisht Abhiyanta (Civil)-18.05.2022

Ans. (c) : सही सुमेलित है

शिलालेख		जिला
बसंतगढ़	-	सिरोही
मानमोरी	-	चित्तौड़
घटियाल	-	जोधपुर
चीरवा	-	उदयपुर

382. निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा (सिक्के-प्रचलन का क्षेत्र) सुमेलित नहीं है?

(a) स्वरूपशाही - मेवाड़ (b) मदनशाही - बीकानेर
(c) विजयशाही - जोधपुर (d) झाड़शाही - जयपुर

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018